कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.01.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में
वार्षिक स्नेह सम्मेलन
जीवन की परीक्षा में ही पास होना ही सर्वश्रेष्ठ है – गजेन्द्र यादव

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना एवं राजगीत अरपा पैरी के धार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री गजेन्द्र यादव, विधायक, दुर्ग शहर उपस्थित थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने तथा विशिष्ट अतिथि श्री विनायक नाथू, व्यवसायी एवं समाजसेवी थे।

मुख्यअतिथि ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम विश्व बालिका दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होनें कहा कि ऐसे स्वर्णिम महाविद्यालय में आकर स्वयं को गौरवान्ति महसूस कर रहा हूँ। छात्राओं से कहा कि परीक्षा में पास होना ही सफलता नहीं है वरन् जीवन की परीक्षा में पास होना ही सर्वश्रेष्ठ सफलता है। जीवन में असफलता प्राप्त होने पर हताश या निराश नहीं होना है, अपितु अपनी योग्यताओं को निखारते हुए प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। महाविद्यालय के अधोसंरचना के अनुरूप विकास में निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि कन्या महाविद्यालय दुर्ग ने नैक मूल्यांकन में अपनी गुणवत्ता साबित की है। इस महाविद्यालय को वाणिज्य विभाग का नया शोधकेन्द्र, विज्ञान संकाय में स्टार कॉलेज की मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होनें कहा कि डॉ. के.एल. राठी, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. रेशमा लाकेश आदि प्राध्यापकों ने राष्ट्रीय स्तर की मानक पुस्तकें लिखी है। डॉ. ऋतु दुबे, श्रीमती मनोरमा यदु ने खेल में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। नए-नए विषय के अनुरूप प्राध्यापकों की कमी है, विभिन्न आभाव के बावजूद भी हमारा महाविद्यालय प्रतिभा संपन्न है। उन्होनें मुख्य अतिथि से नए सेटअप के अनुसार महाविद्यालय के विकास में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर महाविद्यालयीन पत्रिका कैम्पस न्यूज का विमोचन अतिथि के द्वारा किया गया तत्पश्चात् पुरस्कार वितरण में सभी संकायों के अंतिम वर्ष की सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ियों तथा महाविद्यालय की उत्कृष्ट प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसमें – समूह गान, समूह नृत्य, एकल नृत्य, योग नृत्य की प्रस्तुती बेहतरीन रही। छत्तीसगढ़ी नृत्यों ने धूम मचा दी, नृत्य की सभी प्रतिभागी छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल के साथ ही प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण तथा छात्रायें बड़ संख्या में उपस्थित थी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं छात्रा कु. आर्या अवस्थी ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनुजा चौहान ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
गर्ल्स कॉलेज में
वार्षिक स्नेह सम्मेलन
जीवन की परीक्षा में ही पास होना ही सर्वश्रेष्ठ है - गजेन्द्र यादव

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)